R.N.I.NO.MPHIN/2011/39618

प्रादेशिक

# जन समाचार

इंदौर एवं झाबुआ से हर सप्ताह प्रकाशित

वर्ष : 12 अंक 06 | इन्दौर 12 से 18 दिसंबर, 2022 | पृष्ठ: 8 मूल्य : 5 रुपए


### खेलेगा मप्र, खिलता कमल व युवा नीति से युवाओं को जोड़ेगी भाजपा-भाजयुमो अध्यक्ष कुलदीप चौहान

# मध्यप्रदेश भी गुजरात की तरह इस आदिवासी अंचल के साथ ही पूरे प्रदेश में अपना परचम लहरायेगी

मनोज अरोरा

**भाजपा संगठन से युवाओं को जोड़ने के लिए पार्टी तीन स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसमें खेलेगा मध्यप्रदेश, खिलता कमल व युवा नीति शामिल हैं। दिसंबर व जनवरी में तीनों विषय पर गतिविधियां आयोजित की जारही है, इसी कडी में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष,कुलदीप चौहान के मुख्य आतिथ्य , मण्डल अध्यक्ष सुरभान गुण्डिया की अध्यक्षता तथा भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज अरोरा के आतिथ्य में वृहद स्तर पर खेल गतिविधियों को आयोजन किया गया ।**

**झाबुआ।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीप चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा निदेर्शानुसार मंडल के 100-100 युवाओं से युवा नीति के लिए सुझाव लिए जारहे है तथा प्राप्त हुए सुझाव 30 दिसंबर तक प्रदेश कार्यालय भेजेंगे। इन सुझावों पर 12 जनवरी को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान मध्यप्रदेश की युवा नीति को लेकर घोषणा कर सकते हैं। 5 से 12 दिसंबर तक खिलता कमल के तहत 100 प्रतिभावान युवाओं को चिह्नित किया जाएगा। इनमें स्टार्टअप, खिलाड़ी, कलाकार, जनजातीय युवा, वकील, पेंटर, किसान, डॉक्टर, इंजीनियर, जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। खेलेगा मप्र के तहत विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किए जारहे है । देवझिरी मंडल में खेलेगा मध्यप्रदेश- खिलेगा कमल कार्यक्रम के तहत खोखो, क्रिकेट, वालीबॉल, कबड्डी,फुटबाल कुश्ती,के अलावा पारम्परिक खेल, सतोलिया, रस्साकसी, कलाई की कुश्ती, सायकलिंग आदि खेलों के माध्यम से युवावर्ग को जोडने तथा उन्हे भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से जोडने के लिये कार्यक्रम आयोजित किये जारहे है ।



देवझिरी मे आयोजित कार्यक्रम के दोरान भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज अरोरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का युवा प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी एवं भाजपा की रीति नीति एवं सर्वे भवन्तु सुखिना के बोधवाक्य को साकार करने के लिये एक जूट होकर भाजपा के साथ जुडा है। खेलो का महत्व हर मानवी के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालता हे, इससे आरोग्यता के साथ ही बान्धत्व की भावना भी बलवती होती है । वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश भी गुजरात की तरह इस आदिवासी अंचल के साथ ही पूरे प्रदेश में अपना परचम लहरायेगी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्य मंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भी भाजपा अपना रेकार्ड स्थापित करेगी ।उन्होने युवावर्ग से अपील की कि अभी से ही पूरे प्रदेश में कमल खिलाने के लिये जी-जान से जुट जाये ।

भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप चौहान ने अपने उदबोधन में कहा कि-खेलेगा मप्र, खिलता कमल व युवा नीति से युवाओं को जोड़ेगी भाजपा । भारतीय जनता पार्टी समाज के अन्तिम व्यक्ति के विकास के लिये प्रतिबद्ध है तथा मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश में कमल लहराना तय है। पूरे विश्व में मोदीजी ने भारत के सम्मान एवं स्वाभिमान को बढाया है । इस अवसर पर सोश्यल वारियर्स पंकज सारेल, राकेश निनामा, लाला भूरिया, उदयसिंह मखेडिया का सार्वजनिक रूप से सम्मान भी किया गया । कार्यक्रम मे भाजपा मंडल अध्यक्ष देवझिरी सुरभान गुण्डिया, महामंत्री सर्मा भूरिया, अजय वाखला, मजेसिंह मखेडिया, राकेश डामोर, महेश चौहान, अमरसिंह भूरिया, दलसिंह चौहान, पंकज भूरिया, सुनिल डामोर, पंकज डामोर, सुनिल डामोर, चेनसिंह देवल, राकेष निनामा, उदयसिंह मखेडिया कार्यलय मॅत्री, मजेसिंह मखेडिया सहित बडी संख्या में भाजपा युवामोर्चा के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, उपस्थित रहें ।



# मुस्लिम महासभा ने आयशा मकरानी को किया सम्मानित

**नयन टवली**

**अलीराजपुर।** मुस्लिम महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहर की होनहार बेटी आयशा मकरानी को संघ लोक सेवा आयोग वढरउ परीक्षा मैं सफल होने पर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का आगाज करते हुए मुस्लिम महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष इंदौर संभाग प्रभारी जहीर मुगल ने कहा हमारे नबी आज से 1400 साल पहले अरब की सरजमीं पर उस वक्त आए थे जब बेटियों को जिंदा जमीन में गाड़ दिया जाता था। लोग आज वही गुनाह बेटियों को कोख में मारकर कर रहे हैं। उस वक्त पैगंबरे इस्लाम ने संदेश दिया था कि जो लोग इस दुनिया में खुशी-खुशी बच्चियों को तालीम देंगे, उन्हें वह जन्नत में लेकर जाएंगे। खुद उन्होंने एक बेवा औरत से निकाह कर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया। औरतों को संपत्ति में अधिकार दिया। समान अवसर मिलने पर बेटे से बेहतर प्रदर्शन करती हैं बेटियां अगर समाज बेटियों के सामर्थ्य को जानने में पीछे रह गया तो फिर देश भी आगे नहीं बढ़ सकता उन्होंने कहा कि कभी-कभी तो आपने ऐसे परिवार देखे होंगे जहां पर यह कहते हैं कि बेटा तो होना ही चाहिए ताकि बुढ़ापे में काम आएगा लेकिन इतिहास अनुभव कराता है और मैं इन चीजों को बड़ी बारीकी से देखता हूं मैंने ऐसी कई बेटियां देखी है जिन्होंने बूढ़े मां-बाप की देखरेख के लिए खुद शादी नहीं की बेटियां अपने माता पिता को वह प्यार देती है जो कोई बेटा नहीं दे सकता है। लड़के लड़कियों के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए इसलिए मेरा मानना है समाज के अंदर बेटा बेटी एक समान होने चाहिए जिला अध्यक्ष इमरान मेवाती ने कहा आज के दौर में बेटियों को शिक्षा का अधिकार देना आवश्यक है शिक्षा से ही देश की उन्नति और तरक्की हो सकती है कार्यक्रम का संचालन हाजी तारिक मंसूरी ने किया इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अरशद अली मकरानी राजा मकरानी तबरेज कुरेशी भूरू मकरानी शाहबाज इंजीनियर मोहसिन खान आदि उपस्थित रहे



## कलेक्टर सिंह ने नल जल योजना के कार्यों का जायजा लिया

**नयन टवली**

**अलीराजपूर।** कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह ने नल जल योजना के तहत जल संरचनाओं और जल वितरण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने झरकली और अंधारकांच पहुंचकर उक्त कार्य का जायजा लिया। उन्होंने झरकली में नल जल योजना के तहत निर्मित पानी की टंकी का अवलोकन करते घर-घर जल पहुंचाने के कार्य को समय सीमा में पूरा किये जाने के निर्देश दिए। उन्होनें अंधारकांच में नियमित रूप से जल वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य गुणवत्ता के साथ नल जल योजनाओं को पूरा किये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से जल वितरण की स्थिति भी जानी। साथ ही निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधिगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कलेक्टर के निर्देश पर 175 से अधिक आंगनवाडी केन्द्रों का जायजा लेने पहुंचे अधिकारीगण

**नयन टवली**

**अलीराजपूर।** कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर आज जिले की 175 से अधिक आंगनवाडी केन्द्रों का समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सीडीपीओ, आंगनवाडी सुपर वाइजर, आदि द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उक्त समस्त अधिकारियों के औचक निरीक्षण में कई जगह खामियां नजर आई तो कई जगह आंगनवाडी कार्यकताओं के बेहतर प्रयास भी नजर आए। कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह ने 9 दिसंबर को शाम को उक्त समस्त अधिकारियों की गुगल मीटिंग करते हुए सभी को तीन से चार आंगनवाडी केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में आज सुबह निर्धारित समयानुसार समस्त अधिकारीगण अलग-अलग आंगनवाडी केन्द्रों पर पहुंचे। एसडीएम अलीराजपुर श्रीमती लक्ष्मी गामड ने रामसिंह की चौकी, वडी और खरखडी में, एसडीएम जोबट श्री डीएन सिंह ने कंदा, रामपुरा, खेरवा एवं जोबट, एसडीएम सोंडवा सुश्री प्रियांशी भंवर ने साकडी, उमरठ, अठ्ठा एवं सोंडवा में अलग-अलग आंगनवाडी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अलीराजपुर, सोंडवा, जोबट, कठ्ठीवाडा, उदयगढ एवं चन्द्रशेखर आजाद नगर में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सीडीपीओ, आंगनवाडी सुपर वाइजर,गण ने औचक निरीक्षण के तहत तीन से चार आंगनवाडी केन्द्रों पर पहुंचकर बच्चों की उपस्थिति, उन्हें मिलने वाले नाश्ते, मध्यान्ह भोजन, आंगनवाडी केन्द्रों की सफाई और रख रखाव की व्यवस्था, निर्धारित समय अनुसार आंगनवाडी खुलने तथा निर्धारित समय पर बंद होने की जानकारी लेते हुए, आंगनवाडी केन्द्रों पर दस्तावेजीकरण अद्यतन करने की व्यवस्था का जायजा लिया। वरिष्ठ अधिकारीगण ने आंगनवाडी केन्द्रों पर सुपर वाइजरगण के नियमित निरीक्षण की स्थिति का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई आंगनवागडी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति कम, मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं मिलने, रिकार्ड अपूर्ण पाये गए। कलेक्टर श्री सिंह ने समस्त निरीक्षणकर्ता अधिकारीगण को निर्देश दिए है कि समस्त अधिकारीगण निरीक्षण रिपोर्ट निरीक्षण समाप्ति के तत्काल बाद ही प्रस्तुत करेंगे। उक्त रिपोर्ट के आधार पर जिन भी आंगनवाडी केन्द्रों में कोताही और लापरवाही मिलेगी, संबंधित कर्मचारी, समूह पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निर्धारित मात्रा और मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं देने वाले समूहें पर भी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। साथ ही अच्छा काम करने वाले आंगनवाडी कार्यकर्ता, सुपर वाइजर आदि को प्रोत्साहित भी किया जाए। निरीक्षण के दौरान किया प्रोत्साहित अलीराजपुर - कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आज जिलेभर के बडी संख्या में आंगनवाडी केन्द्रों के औचक निरीक्षण के दौरान निरीक्षण कर्ता अधिकारीगण ने आंगनवाडी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ बेहतर कार्य गुणवत्ता हेतु आंगनवाडी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं को प्रोत्साहित भी किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही बच्चों के साथ खेल, पढाई गतिविधियों में सहभागिता की।

# विद्यार्थियों को दी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराए जाने की जानकारी

**नयन टवली**

**अलीराजपुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयगढ़ में विद्यार्थियों को नवीन मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने हेतु व मतदाता परिचय पत्र बनवाने हेतु प्रेरित किया गया। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राघवेंद्र सिंह के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल श्री अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में स्वीप जिला ब्रांड एंबेसडर श्री सुधीर जैन ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



उदयगढ़ में विद्यार्थियों को मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2023 के संदर्भ में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने 18 आयु पूर्ण करने वाले पात्र विद्यार्थी छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने हेतु फॉर्म 6 भरने के लिए ऑफलाइन व ऑनलाइन की जानकारी दी। उन्होंने मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार समस्त युवक-युवतीयां जिनकी उम्र 1 अप्रैल 1 जुलाई व 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण होगी उनके द्वारा भी अग्रिम रूप से फार्म जमा किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने वोटर हेल्पलाइन एप एवं राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल की जानकारी देकर ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक श्री राजेंद्र सिंह कनेश ,कौशल कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएंव बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# कलेक्टर ने कागझर प्राथमिक स्कूल और निमार्णाधीन छात्रावास का निरीक्षण किया





पीयूष गादिया

**झाबुआ ।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आज प्रातः विकासखंड झाबुआ के ग्राम कागझर प्राथमिक विद्यालय डामर फलिया एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय कागझर का आकस्मिक निरीक्षण किया । यहां विद्यार्थियों से रूबरू होकर शिक्षा की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की । उपस्थित शिक्षकों से भी जो आज पढ़ा जा रहा है उसके संबंध में जानकारी प्राप्त की ।

विद्यार्थियों की उपस्थिति अत्यंत कम होने पर शिक्षकों, शिक्षिकाओं से चर्चा की एवं मध्यान भोजन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए । इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती सिंह शासकीय शहीद चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय झाबुआ के समीप निर्मित निमार्णाधीन बालक, बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया । इस छात्रावास का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए । निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए । निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । छात्रावास बालक और बालिका के निर्माण की कुल लागत 7 करोड़ 60 लाख 58 हजार है । जिसमें 3 करोड 79 लाख 58 हजार बालक छात्रावास की लागत है । ओर इतनी ही लागत बालिका छात्रावास की है । छात्रावास में कुल 75 रूम बनाए गए हैं 'प्रत्येक एक रूम में 2 विद्यार्थियों के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की गई है । यहां रहने और पढ़ाई करने की उत्तम व्यवस्था का ध्यान रखा गया है । सुंदर और व्यवस्थित कार्य किया जा रहा है । कलेक्टर श्रीमती सिंह ने इस को और आकर्षक, सुंदर बनाए जाने के निर्देश दिए हैं । इस दौरान नायब तहसीलदार झाबुआ श्री जितेंद्र सोलंकी ,पी आई यू के एसडीओ श्री बी पी साल्वे आदि उपस्थित थे ।

## 15 दिसम्बर से संविदा स्वास्थ कर्मचारी संघ जाएगा हड़ताल पर

पीयूष गादिया

**झाबुआ।** लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश में लगभग 32000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कार्यरत है जो की विगत 1 से 20 वर्षो से लगातार कार्यरत है जिन्होने कोरोना काल के दौरान भी अपनी जान हथेली पर रखकर लगातार स्वास्थ सेवाऐ दी है जिसमें अपने कई साथियों को भी खोया है। मध्यप्रदेश शासन काल द्वारा संविदा कर्मचारियों के लिए केबिनेट में 5 जून 2018 की नीति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी की गई थी जिसके अनुसार खेल युवा कल्याण विभाग, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, लोक सेवा प्रबंधन विभाग, स्थानीय निधि संपरीक्षा म.प्र. प्रकोष्ठ भोपाल आदि में लागू की जा चुकी है परन्तु एन.एच.एम. के संविदा कर्मचारियों पर आज दिनांक तक लागू नहीं की गई। विगत वर्ष 2021 में आंदोलन के दौरान एन.एच.एम द्वारा जारी पत्र क्र. एनएचएम/एचआर/2021/8753 दिया गया था।



# सुरक्षित यातायात को लेकर शपथ दिलाई

पीयूष गादिया

झाबुआ। पुलिस अधीक्षक झाबुआ अगम जैन के निर्देश पर आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने एवं झाबुआ की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने एवं जन-सामान्य को वाहन दुर्घटनाओं में होने वाली जन हानी से बचाने के उद्धेश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय झाबुआ में, समस्त थाना/चौकी क्षेत्र में एवं बस स्टेंड झाबुआ पर जन सामान्य एवं बस चालक-परिचालक तथा आटो, टेम्पु चालकों को सुरक्षित यातायात को लेकर शपथ दिलाई जाकर जन सामान्य को प्रेरित किया गया। जानकारी अनुसार देश की 75 हजार किलोमीटर सड़कों का आडिट किया गया। इसमें मध्य प्रदेश की साढ़े तीन हजार किलोमीटर सड़कें भी शामिल हैं। आडिट में हादसों की वजह यातायात नियमों की अनदेखी भी सामने आई है। आमजन नियमों के प्रति जागरुक हों और अपने कर्तव्यों का पालन करें, इसके लिए आज जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया। झाबुआ के बस स्टैंड पर आयोजित इस जन जागरूकता अभियान में यातायात विभाग से विजेंद्र सिंह मुजाल्दे , झाबुआ थाना प्रभारी सुरेंद्रसिंह गडरिया, एसडीओपी बबीता बामनिया आदि पुलिस स्टाफ मौजूद था ।

मैं शपथ लेता हूं/लेती हूं, कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखूंगा/रखूंगी। यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन करवाऊंगा/करवाऊंगी।

# एसबीआई राजवाड़ा शाखा में सिंगल काउंटर होने से खातेधारक और आमजन परेशान

पीयूष गादिया

झाबुआ। झाबुआ एसबीआई की राजवाड़ा चौक शाखा में सभी प्रकार के लेनदेन, जमा और आहरण को लेकर सिंगल काउंटर व्यवस्था होने से खातेदार के साथ-साथ आमजन परेशान हो रहे हैं । लेकिन बैंक का इस और कोई ध्यान नहीं है । यदि आप एसबीआई बैंक की राजवाड़ा चौक शाखा में बैंक से संबंधित किसी भी कार्य जैसे राशि जमा करना या राशि आहरित करना या अन्य कोई कार्य हो तो , इस बैंक की शाखा में सिंगल काउंटर पर आपको अपने कार्य के लिए काफी समय तक खड़ा रहना पड़ सकता है तथा कई बार घंटो इंतजार भी करना पड़ता है । क्योंकि इस बैंक की शाखा में राशि जमा करना , राशि आहरण करना , चालान जमा करना , खातेधारक को स्वयं के खातों की जानकारी बताना , ड उ अपडेट करना आदि अनेक कार्य इस शाखा में एक ही काउंटर से निष्पादित किए जा रहे हैं जिससे खातेदार को और आमजन को अपने कार्यो के लिए घंटो इंतजार भी करना पड़ता है । चूंकि राष्ट्रीयकृत बैंक होने के साथ-साथ हजारों खाता होने के कारण तथा शासन की कई योजनाओं की राशि भी हितग्राही के खाते में आती है जिससे कई बार हितग्राही राशि चेक करने के लिए बैंक शाखाओं में आते हैं साथ ही साथ इस बैंक में एक बड़े तौर पर लेनदेन भी होता है। हां यह जरूर है कि इस बैंक में टोकन सिस्टम के आधार पर काम किया जाता है वही कुछ खाताधारक इस बैंक प्रक्रिया के कारण कई बार टोकन लेकर अपने अन्य बाजारों के काम को पूर्ण कर करीब 1 घंटे में वापस आते हैं याने एक कार्य के लिए उन्हें दो बार बैंक आना पड़ता है । सारी प्रक्रिया के बीच यदि कोई व्यापारी बैंक ट्रांजैक्शन करना चाहता है तो उसे अपने व्यवसाय के समय के दौरान इस बैंक की प्रक्रिया में 30 मिनट से लेकर 1 घंटे तक का समय व्यतीत करना पड़ता है । जिससे उसका व्यापार प्रभावित



होता है । जबकि भारतीय स्टेट बैंक को चाहिए कि वे अपने खाताधारक को सुविधा प्रदान करते हुए उनके समय की बचत को ध्यान में रखते हुए , एक से अधिक काउंटर खोलकर , खातेधारक कम समय में बैंकिंग कार्य निपटा सके , ऐसी व्यवस्था की जाना चाहिए । बैंक को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए , कि खातेदार का समय भी बहुत कीमती है । शुक्रवार को बैंक के खाता धारक ने बताया कि वह स्वयं के बचत खाते से राशि आहरण के लिए एसबीआई की राजवाड़ा शाखा पर चेक लेकर पहुंचा । बैंक में एक ही काउंटर के माध्यम से जमा, आहरण व अन्य बैकिंग कार्य पूर्ण किए जा रहे थे । खातेधारक ने बताया कि जब टोकन लेकर बैंक में बैठा । तब 34 वा टोकन का नंबर था और उसका नंबर 49 था इस प्रकार करीब 45 मीनीट से लेकर 1 घंटे के बीच में उसका नंबर आया और तब जाकर उसे राशि प्राप्त हुई । यदि बैंक दो काउंटर या तीन काउंटर के माध्यम से सारे बैंकिंग कार्य को पूर्ण किए जाते हैं तो संभवत यह कार्य 15 मिनट में पूर्ण हो जाता । लेकिन सिंगल काउंटर होने के कारण उसे करीब 45 मीनीट से लेकर 1 घंटे तक इंतजार करना पड़ा और इस दौरान उसे व्यवसायिक नुकसान भी हुआ । भारतीय स्टेट बैंक की झाबुआ की राजवाड़ा शाखा चाहिए कि इस ओर ध्यान देकर एक से अधिक काउंटरों के माध्यम से बैंकिंग कार्य को पूर्ण करने का प्रयास करें । ताकि आम जनों के समय की बचत हो सके और उन्हें बैंकिंग कार्यों के लिए इंतजार ना करना पड़े

# होस्टल की छत से कूदते कृष्णा को देखने वाली सहेली ने तीसरे दिन की आत्महत्या की कोशिश, बांसवाड़ा में भर्ती

**राजेन्द्र कुमार सोनी**

रतलाम सागोद रोड स्थित सरकारी कन्या शिक्षा परिसर आवासीय स्कूल के परिसर में स्थित तीन मंजिला होस्टल की छत से बुधवार दोपहर में एक छात्रा ने कूदकर आत्महत्या कर ली थी। छत से कूदते समय उसे देखने वाली नाबालिग सहेली ने भी शनिवार को अपने घर पर कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। ये छात्रा अगले दिन ही छुट्टी लेकर घर चली गई थी। उसे बांसवाड़ा अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजन ने बताया कि छात्रा उसकी सहेली की मौत के बाद से ही सदमे में है और उसके बाद से खाना भी नहीं खाया। दिनभर कृष्णा को याद कर रोती रही और नींद में भी उसका नाम लेती रही।

बाजना क्षेत्र के सालराडोजा निवासी कृष्णा पिता बहादुर डामर (14) यहां सरकारी शिक्षा परिसर आवासीय स्कूल में कक्षा 9वीं में पढ़ रही थी। तीन मंजिला होस्टल की छत से कूद गई थी। घटना के अगले ही दिन गुरुवार को कृष्णा की एक सहेली, जो होस्टल में ही रहकर 11वीं में पढ़ रही है, वह छुट्टी पर चली गई। नाबालिग छात्रा को उसे पिता खुद होस्टल से गुरुवार को लेकर घर पहुंचे।

छात्रा के परिजन ने बताया कि बेटी ने घर आने के बाद से खाना नहीं खाया। रोते हुए सहेली कृष्णा को याद करती रही। नींद में भी उसका लेती रही। शनिवार सुबह 7.30 बजे हम सब घर पर ही थे लेकिन पता नहीं कब उसने घर में रखा



कीटनाशक पी लिया। उसे हम तत्काल बांसवाड़ा सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे इलाज दिया जा रहा है। छात्रा बोलने की स्थिति में नहीं है, इसलिए उसके बयान नहीं हो सके हैं।

कृष्णा उम्र में छोटी थी लेकिन उसकी खास सहेली, पिछले साल से साथ में थी. सुसाइड का प्रयास करने वाली छात्रा के परिजन ने बताया कि हमारी बेटी से कृष्णा छोटी थी लेकिन हमारी बेटी की कृष्णा खास सहेली थी। हमारी बेटी ने 10वीं में यहां प्रवेश लिया, तब से दोनों की खूब पटती थी। बेटी ने हमें बताया कि मुझे बार-बार कृष्णा कूदते हुए दिख रही है और मैं उसे दिमाग से निकाल नहीं पा रही हूं। वह बार-बार यही बोलती रही कि कृष्णा तूने ऐसा क्यों किया। सहेली छत पर कुछ दूरी पर थी और उसने छलांग लगा दी : सुसाइड का प्रयास करने वाली छात्रा के परिजन ने बताया कि हमारी बेटी को जब कृष्णा होस्टल में नहीं दिखी तो उसने दूसरी छात्राओं से पूछा। उन्होंने कृष्णा के छत पर होने की जानकारी दी तो वह भी वहां पहुंची लेकिन वह छत के सोलर पैनल तक ही पहुंची थी और कृष्णा ने छत से छलांग लगा दी।

वार्डन कनेरिया को हटाया, हारी को चार्ज दिया : 6वीं से 9वीं तक पढ़ने वाली छात्राओं के होस्टल की वार्डन सीमा कनेरिया को हादसे के बाद वार्डन पद से हटा दिया है वह अब वहीं स्कूल में पढ़ा रही है। इस होस्टल का चार्ज 10वीं-11वीं की छात्राओं के होस्टल की वार्डन सुनीता हारी को दे दिया गया है। वार्डन हारी ने बताया कि कृष्णा की सहेली 8 दिसंबर को छुट्टी लेकर गई थी। छात्राओं के बयान लिए, जिसमें पता चला कि वह खुद कूदी : डीडी नगर थाना की एसआई निशा चौबे ने बताया कि छात्राओं के बयान लिए हैं, जिसमें पता चला है कि कृष्णा खुद कूदी है और उस वक्त उनके बीच चीटिंग करते पकड़ाने की बात को लेकर चर्चा चल रही थी।

# अतिक्रमण हटाओ मुहिमःहाट रोड की बारी, फ्रीगंज में ओटले और फर्शियां तोड़ी

**राजेन्द्र कुमार सोनी**

रतलाम। रविवार के आराम के बाद सोमवार से अतिक्रमण हटाओ मुहिम हाट रोड पर चलेगी। कलेक्टर से अलर्ट मिलने के बाद नगर निगम के इंजीनियरों ने नजरिया सर्वे कर लिया है। प्रारंभिक रूप से इसमें 65 से ज्यादा मकान और दुकानों के आगे कच्चा-पक्का अतिक्रमण मिला है। 12 दिसंबर से इन सभी को हटाया जाएगा। मुहिम दोपहर को चालू होगी ताकी खुद हटाने वालों को पर्याप्त समय मिल जाए। पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम ने इसके लिए तैयारी कर ली है। सोमवार की कार्रवाई में पुलिस बल भी साथ रहेगा। सामान रखकर सड़क पर कब्जा करने वालों पर जुमार्ना भी लिया जाएगा।



तीन दिन से शांत बैठा निगम अमला शनिवार को एक बार फिर फ्रीगंज रोड पर एक्शन में आया। नोटिस के बाद मकान वालों ने शुक्रवार को खुद ही अतिक्रमण हटा लिया था। बाकी बचे पक्के ओटले व छोटी दीवारों को निगम के बुलडोजर ने हटाया। वहीं दुकानों के आगे की नाली पर दुकानदारों द्वारा रखी गईं फर्शियों को भी हटा दिया। साथ ही अफसरों ने दुकानदारों को चेताया कि अब नालियों पर पत्थर रखे तो जुमार्ना वसूला जाएगा। कार्रवाई में इंजीनियर मनीष तिवारी, बृजेश कुशवाह आदि साथ रहे।

इन सड़कों पर भी निगम की नजर : लौहार रोड, लक्कड़पीठा, गौशाला रोड, सैलाना रोड, कस्तूरबा नगर, बाजना बस स्टैंड।

# विज्ञान प्रतियोगिता में श्रेष्ठता दर्ज की विद्यार्थियों ने

**राजेन्द्र कुमार सोनी**

**रतलाम** । सी.एम. राइज विनोबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय ह्यजादू नहीं विज्ञानह्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक ब्लाक से चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में भाग लिया। चयनित विद्यार्थियों ने विज्ञान गीत, विज्ञान नाटिका, विज्ञान क्विज में अपनी श्रेष्ठता दर्ज करवाई। शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके अलावा अन्य प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने हिस्सेदारी की।

विज्ञान शिक्षकों के लिए विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अंधविश्वास को दूर करने में शिक्षकों की भूमिका विषय पर शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन में प्रथम स्थान सी.एम. राइज की शिक्षिका हीना शाह, द्वितीय हाईस्कूल सोहनगढ की शिक्षिका लोचन कैथवास रही। विज्ञान गीत में राजेन्द्र शर्मा, विज्ञान क्विज में सीमा अग्निहोत्री, विज्ञान नाटक में हर्षिता सोलंकी, विज्ञान प्रदर्शन में मंजुलिका खरे, विज्ञान संगोष्ठी में अजय मरमट ने संयोजन का कार्य किया।

## कार्यशाला का आयोजन

**राजेन्द्र कुमार सोनी**

**रतलाम।** म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित स्वयं सहायता समूहों के परिसंघां की जेंडर आधारित हिंसा व भेदभाव के विरुद्ध जारी अभियान के तहत जिला पंचायत सभाग्रह में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लेंगिक हिंसा व भेदभाव के विरुद्ध विस्तार से चर्चा कर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर समूहों के परिसंघां की 50 से अधिक सदस्यों ने प्रतिभागिता की। कार्य शाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे द्वारा जेंडर समानता, भेदभाव के विरुद्ध होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा आर्थिक रूप से सशक्त होकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

# चोरी हुई प्याज से भरी ट्राली बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

**राजेन्द्र कुमार सोनी**

**रतलाम.** कृषि उपज मण्डी परिसर के भीतर से चुराई गई प्याज से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने पांच दिनों के भीतर खोजने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए ट्रैक्टर ट्राली के साथ चोरी की वारदात में प्रयुक्त दो मोटर साइकिलें भी बरामद की है। मण्डी में हुई इस सनसनीखेज चोरी को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा किया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने चोरी का खुलासा करने वाले पुलिसकर्मियों को दस हजार रु. का नगद पुरस्कार देने की भी घोषणा की है। पुलिस कंट्रोल रुम में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी अभिषेक तिवारी ने पूरे मामले की विस्तार सेजानकारी दी। उन्होने बताया कि विगत पांच दिसम्बर को बरबोदना निवासी कृषक समरथ जाट अपनी ट्रैक्टर ट्राली में प्याज भरकर मण्डी में आया था। शाम का वक्त होने से समरथ ट्रैक्टर ट्रालीमण्डी में छोडकर अपने घर चला गया था। अगली सुबह छ दिसम्बर को जब वह वापस मण्डी में आया,तो उसकी ट्रैक्टर ट्राली नदारद थी। जब ट्राली नजर नहीं आई,तब समरथ ने पुलिस को इसकी सूचना दी और स्टेशन रोड पुलिस ने इस मामले में चोरी का आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की। इसी दौरान मण्डी में मौजूद किसानों ने जमकर हंगामा किया। किसानों का कहना था कि मण्डी परिसर के भीतर इस तरह की वारदात होना अत्यन्त गंभीर घटना है।

एसपी श्री तिवारी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए अति पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार,सीएसपी हेमन्त चौहान और एसडीओपी संदीप निगवाल के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने मण्डी और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज बारीकी से चैक किए,जिससे वारदात के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले। सीसीटीवी फुटेज, सायबर सेल की तकनीकी जानकारी और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस को वारदात के मुख्य आरोपी मेहरबान सिंह का पता चला। मेहरबान सिंह को अभिरक्षा में लेकर पुलिस ने जब कडी पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने अपने साथियों विकास पिता दिनेश राठौर 20 नि.ढिंकवा,सुनील पिता जगदीश पंवार 22 नि.ढिकवा,गोपाल पिता भेरुलाल मईडा नि.ढिंकवा और महेश पिता भरत राठौर नि.ढिंकवा के साथ मिलकर प्याज से भरी ट्रैक्टर ट्राली चुराई थी। ट्राली चुरानेके बाद आरोपियों ने ट्राली में भरा प्याज,मुख्य आरोपी मेहरबान सिंह के साले कलमोडा निवासी जीतेन्द्र भाभर के साथ मिलकर गंगाखेडी में आरोपी जीतेन्द्र के ससुर रमेश के घर में छिपाकर रख दिया। इसके बाद ट्रैक्टर ट्राली बेचने के लिए सुनील और विकास को धुले(महाराष्ट्र) की ओर रवाना कर दिया। ट्रैक्टर ट्राली को बेचने के लिए महाराष्ट्र की तरफ लेजाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस की मदद से घेराबन्दी कर ट्रैक्टर ट्राली को बरामद कर लिया।

## स्कूल-कॉलेजों में युवा दिवस पर भी रहेगी धूम

**वत्सल आचार्य**

मध्यप्रदेश में शासन ने स्कूल-कॉलेजों में एक और दिवस मनाने के लिए बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। इस दिवस का लाभ कक्षा 1 से 12वीं तक के स्कूली बच्चे और कॉलेज-यूनिवर्सिटी में पढने वाले स्टूडेंट्स भी ले सकेंगे। दरअसल जो दिवस अब स्कूल-कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज में धूमधाम से मनाया जाएगा वह है युवा दिवस। आपको बता दें कि हर साल स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। लेकिन अब तक यह दिवस स्कूल-कॉलेजों में नहीं मनाया जाता था। अब मप्र शासन ने इस युवा दिवस को शैक्षणिक स्थलों पर मनाये जाने का फैसला लेते हुए इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यानि अब मध्यप्रदेश के सभी स्कूल-कॉलेजों में युवा दिवस की धूम नजर आएगी।

# गुजरात में मिली प्रचंड जीत पर थांदला में आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**वत्सल आचार्य**



**थांदला।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 9 अयोध्या बस्ती राजापुरा के कार्यकर्ताओ और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला झाबुआ थांदला इकाई भारतीय गोरक्षा वाहिनी मध्य प्रदेश जिला इकाई द्वारा व गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश महामंत्री भाजपा, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पार्षद राजू धानक के साथ पूर्व पार्षद दिनेश कटारा राकेश अहिरवार महेंद्र राठौड़ नाना नानजि हठीला सोहनलाल अमलियार अल्केश डिंडोर मुकेश डामोर सुभाष चंद्र गुड़िया विकास निनामा बिकू डामोर मदन कटारा दिनेश निनामा शब्बू भूरिया शैतान डामोर मानसिंह सबू भूरिया सेतान डामोर मानसिंग बारिया सुखलाल गुडिया आलिया कुंडिया पीदिया गुडिया बल्लू गुड़िया अंकित गुड़िया अनिल कटारा मुकेश मीणा अशोक वसुनिया विकास निनामा अप्पू गुडिया मूकेस मेड़ा असोक वसूनिया आदि समाजजनों ने गुजरात मे हुई भाजपा की ऐतिहासिक प्रचंड जीत पर नग'मे आतिशबाजी कर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद व जय भाजपा जय भारत के नारों के साथ भाजपा विजय पर जश्न मनाया ,इस खुशी के अवसर पर गौ रक्षा के प्रदेश महामंत्री राजू धानक ने प्रचंड जीत पर जीत का श्रेय गुजरात के प्रत्येक कार्यकताओं को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को देकर प्रचंड जीत पर आभार प्रकट करते हुए कार्यकताओं को जीत की बधाई देकर कर कार्यकताओं को आगामी विधानसभा पर आगामी लोकसभा में प्रत्येक कार्यकताओं को एकजुट होकर आगामी चुनाव जीतने का संकल्प दिलाया।

# सघन अभियान चलाकर धार जिले से कुपोषण हटाना है-डीपीओ श्री जैन

**हिमांशु त्रिवेदी**

धार। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुभाष जैन एवं सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास इंदरसिंह बुन्देल द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना बाग, कुक्षी, डही एवं निसरपुर के परियोजना अधिकारियों एवं समस्त पर्यवेक्षकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री जैन द्वारा उपस्थित समस्त पर्यवेक्षकों को कुपोषण के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि सघन अभियान चलाया जाकर धार जिले से कुपोषण को मुक्त किया जाना है। जिले एवं ग्रामों को कुपोषण मुक्त करने हेतु विस्तृत निर्देश दिये गये। उन्होंने परियोजनावार समीक्षा की। आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं पर्यवेक्षकों द्वारा की जा रही त्रुटियों के सुधार हेतु निर्देशित किया गया । बैठक में बताया गया कि विभाग से प्रदाय किये गये मोबाईल के संचालन एवं हितग्राहियों की योजनाओ की इन्ट्री के संबंध में समझाया गया। अधिकारियों द्वारा एएमपीआर में दर्ज किये जाने वाले बच्चों एवं उन बच्चों को सी-सेम अंतर्गत वजन लेने एवं फॉलोअप पूरे 4 सप्ताह का दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ प्रदान किया जावे एवं किसी भी प्रकार लापरवाही नहीं की जावे । लाडली लक्ष्मी योजनांतर्गत कक्षा 6 टी की छात्रवृत्ति का भुगतान पत्रक तत्काल पोर्टल पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया । पिछले कई महीनों से डीपीओ जैन द्वारा समय समय पर सुपरवाइजर ओर परियोजना अधिकारियों की क्लास लगाने से कुक्षी विधानसभा में अनेक आंगनवाड़ीयो का संचालन ओर हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ हितग्राहियों तक पहुँचाने का कार्य सन्तोष जनक रहा है ।

## जिले के बदनावर अनुभाग क्षेत्र के दौरे पर रहे कलेक्टर श्री मिश्रा अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**हिमांशु त्रिवेदी**

धार : कलेक्टर प्रियंक मिश्रा आज जिले के बदनावर अनुभाग क्षेत्र के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने ग्राम भोपावली , रंगराखेड़ी तथा कानवन में जल जीवन मिशन के कार्य, विद्यालय का निरीक्षण, कानवन के निमार्णाधीन टप्पा तहसील के भवन का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम वीरेंद्र कटारे साथ थे मौजूद।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने सर्वप्रथम नागदा ग्राम के मजरे भोपावली में जल जीवन मिशन के कार्य को देख निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता बरकरार रहे, रेस्टोरेशन अच्छी तरह से हो। गाँव की पाईप लाइन का नक्शा पीएचई के अभियंता स्थानीय वाटर मेन के सहयोग से तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एक क्षेत्र में पुरानी पाईप लाइन के रिसाव ठीक करने की व्यवस्था करें। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग समूची पाईप लाइन बदलने का प्राक्कलन तैयार करें। साथ ही ग्राम पंचायत पानी के देयक की वसूली करें, ताकि छोटा मोटा संधारण कराया जा सके, जनसहयोग भी लिया जा सकता है। इसके अलावा निमार्णाधीन टंकी के नजदीक के गड्ढे का भराव करवाएँ। सम्पूर्ण कार्य समय सीमा में पूरा करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्राम रंगराखेड़ी में किया जल जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन कर मौजूद ग्रामीणों से कहा की हर घर जल की व्यवस्था की गई है, ग्रामवासियों का दायित्व है कि पानी बर्बाद ना हो।

## सरकार हर पात्र हितग्राहियों को आवास देने का कार्य निरंतर कर रही है-विधायक श्रीमती वर्मा

**हिमांशु त्रिवेदी**

**धार।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का हितलाभ वितरण का कार्यक्रम जिला मुख्यालय के नगर पालिका परिसर में गुरूवार को आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नीना वर्मा ने कहा कि सरकार हर पात्र हितग्राहियों को आवास देने का कार्य निरंतर कर रही है। प्रधानमंत्री जी की मंशा है कि हर गरीब व्यक्ति का पक्का मकान हो। इसके लिए जमीनी स्तर तक कार्य किए जा रहे है। सरकार का प्रयास है कि हर पात्र हितग्राही को योजना का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि छोटे रोजगार करने वालो के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना बहुत अच्छी योजना है। इससे व्यक्ति योजना का लाभ लेकर अपनी जरूरतो को पूरा कर अपने व्यवसाय को और आगे बढा सकते है। एक बार की ऋण राषि चुकाने पर दूसरी बार भी लोन दिया जाता है। इससे व्यक्ति अपने मेहनत और लगन से अपने आपको और सक्षम बना कर रोजगार में आगे बढ सकते है। इसके पष्चात अतिथियों द्वारा प्रतिकात्मक रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया। इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास के 54 हितग्राहियों को 54 लाख एवं पीएमस्वनिधि के 100 हितग्राहयों को 19.10 लाख रूपए का हितलाभ का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के मंदसौर में आयोजित कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट देखा और सुना गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पर्वत सिंह चौहान, उपाध्यक्ष कालीचरण सोनवानिया, जिला पंचायत सीईओ केएल मीणा, अन्य जनप्रतिनिधि, हितग्राही व आम नागरिक मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान

# सीधी की जनता को सीएम ने दी विकास कार्यों की सौगात

## तहसीलदार और शिक्षा अधिकारी निलंबित

**सीधी। सीधी जिले में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां मुख्यमंत्री चौहान ने 43.88 करोड़ के 89 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 64.49 करोड़ की लागत के 116 कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**

### जनता ही जनार्दन: सीएम

मंच से सीधी की जनता को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि जनता ही जनार्दन है। मैं पूरे प्रशासन से कहता हूं कि जनता की बेहतर सेवा की जाए। हम सभी लोकतंत्र में जनता के सेवक हैं। हम अच्छा काम करें ये हमारी ड्यूटी है। लोकतंत्र का मतलब है जनता का राज। जनता के राज का मतलब है कि जनता को दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े और उनका काम गांव में ही हल हो जाए। सीएम ने कहा कि जनजातीय समाज को सशक्त बनाने के लिए हमने पेसा कानून लागू किया है। वह तेंदूपत्ता खुद तोड़ेंगे और खुद बेचेंगे। एक नया ग्राम स्वराज, जहां जनता सर्वोपरि है। सीएम ने कहा कि हमने तय किया कि अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और सरकार खुद चलकर उनके पास जाएगी। मुझे बताते हुए खुशी है कि रीवा जिले में 7.59 लाख आवेदन आये और करीब 7.02 लाख आवेदन स्वीकृत कर दिए गए। सीधी में 1.37 लाख आवेदन आये और 1.25 लाख आवेदन स्वीकृत हो गए हैं।



**स्थानीय कलाकारों के साथ सीएम ने किया डांस**

सीधी में जनसेवा कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज सिंह चौहान का एक अलग अंदाज भी देखने को मिला, यहां सीएम ने स्थानीय लोक कलाकारों के साथ नृत्य का आनंद लिया और खुद एक वाद्य यंत्र भी बजाया।

### तहसीलदार और शिक्षा अधिकारी को किया निलंबित

उन्होंने कहा कि प्रशासन कसौटी होना चाहिए। गड़बड़ करने वाले अगर हैं तो उनकी व्यवस्था भी करना होगी। इस दौरान सीएम ने प्रभारी तहसीलदार रामपुर नैकिन को मंच से ही तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। और कहा कि मैं जल्दी ही दूसरी व्यवस्था करूंगा। सीएम ने कहा कि मनोज अधिकारी पहले यहां थे, अब यहां से कटनी चले गए, जिला शिक्षा अधिकारी को भी तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करता हूं। अगर जरूरत पड़ी तो इनके खिलाफ जांचें भी होंगी।

### गौ अभ्यारण्य बनाने की घोषणा की

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीधी जिले के मझौली विकासखण्ड में खाजुरिया ग्राम पंचायत में समदा ग्राम पंचायत से लगी सौ एकड़ जमीन पर एक गौ-अभ्यारण्य बनाने की घोषणा की उन्होंने जिले में किए नवाचार के लिए बधाई भी दी। सीएम ने कहा कि जिनके पास रहने की जगह नहीं है ऐसे लोगों को 25 दिसंबर से प्लॉट बांटने का काम शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, युवाओं को रोजगार देने की बात पर कहा कि हर माह रोजगार दिवस कार्यक्रम हो रहे हैं और प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिल रहा है। सीएम ने अनुदान पर बिजली के ट्रांसफार्मर लगाने की योजना फिर से शुरू करने की बात कही। वहीं, डिफाल्टर किसानों की ब्याज राशि की प्रतिपूर्ति मध्यप्रदेश सरकार द्वारा करने की बात भी कही।

# अ.भा. श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद ने शाश्वत जैन तीर्थ को बचाने के लिए सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

नावेद रजा





**झकनावदा।** झकनावदा में अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद एवं समग्र जैन समाज के द्वारा एकजुट होकर चौकी प्रभारी गोवर्धन सिंह मावी को देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी भारत सरकार दिल्ली के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें ज्ञापन का वाचन श्री केशरियानाथ जैन मंदिर व्यवस्थापक निर्मल कुमार मांडोत ने किया। ज्ञापन के माध्यम से वाचन करते हुए बताया कि जैन समाज के बीस तीर्थंकर परमात्मा ओं की पवित्र निर्वाण भूमि विश्व विख्यात श्री सम्मेद शिखर तीर्थ क्षेत्र है। यह तीर्थक्षेत्र भारत भूमि के पवित्र धार्मिक स्थलों में से एक है। विशेषतः जैन धर्मावलंबियों के लिए तो आस्था एवं श्रद्धा का महत्वपूर्ण केंद्र है। इस तीर्थ को हाल ही में आपके द्वारा पर्यटन क्षेत्र घोषित किया गया है। तीर्थ क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने का हम जैन समाज पूर्णता विरोध करते हैं। एवं जैन समाज को इस निर्णय से आहत हुई है। वही समग्र जैन समाज ने एकत्रित होकर र सम्मेद शिखर की शान में जैन समाज मैदान में र गगनभेदी नारे लगाए।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर निर्मल कुमार मांडोत, पूनमचंद कोठारी, श्रेणिक राठौड़ (लालू सेठ), अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी मनीष कुमट, विक्की सेठिया,ऋषभ कोटडीया,शुभम कोटडिय, मनीष सेठिया, हिमांशु कांसवा एवं चौकी स्टाफ से एएसआई बाथू सिंह बिल्लोरे एवं आरक्षक पंकज राजावत उपस्थित थे।

## '2002 में सबक सिखाया'

### अमित शाह ने गुजरात चुनाव के दौरान दिया था बयान, EC ने नहीं माना आचार संहिता का उल्लंघन



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चुनाव के दौरान दिए गए अपने '2002 में हिंसा फैलाने वाले दंगाइयों सबक सिखाया' बयान के लिए राहत मिल सकती है। दरअसल, चुनाव आयोग ने उनके इस बयान को आचार संहिता का उल्लंघन नहीं माना है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि चुनाव आयोग ने इस बयान को लेकर राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी से लेकर कानूनी राय भी ली। इसके बाद आयोग ने पाया कि शाह का दंगाइयों के खिलाफ बयान आचार संहिता का उल्लंघन नहीं था। शाह ने खेड़ा जिले के महुधा में एक रैली के दौरान कहा था कि कांग्रेस के राज के दौरान (1995 से पहले) राज्य में सांप्रदायिक दंगे ज्यादा होते थे। कांग्रेस अलग-अलग समुदाय और जातियों के लोगों को भड़काने का काम करती थी, ताकि वे एक-दूसरे के खिलाफ लड़ें। इन दंगों के जरिए ही कांग्रेस अपने वोट बैंक को मजबूत करती थी और समाज के साथ अन्याय करती थी।

शाह ने कहा था कि गुजरात को 2002 में दंगों का सामना करना पड़ा था। लेकिन अशांति फैलाने वालों को 2002 में सबक सिखाया गया। जिसके बाद राज्य में शांति कायम हुई है। भाजपा ने गुजरात में स्थायी शांति स्थापित की है।

### पिता के सामने बेटी को जबरन उठा ले गए

# शादी से इनकार करने पर 100 लोगों ने घर में तोड़फोड़ की, लाठी-घूंसों से पीटा

हैदराबाद। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के आदिबाटला इलाके में शुक्रवार को हैरान करने वाली घटना हुई। यहां शादी से इनकार करने पर 100 से ज्यादा लोग जबरन एक महिला डॉक्टर को उसके घर से उठाकर ले गए। बदमाशों ने उसके घर में तोड़फोड़ की और लड़की के पिता को लाठी-डंडों से पीटा। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

मारपीट में लड़की के पिता के सिर पर चोट आई है। परिवार का कहना है कि 100 से ज्यादा बदमाशों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने करीब छह घंटे बाद महिला डॉक्टर को रेस्क्यू कर उसके घर पहुंचा दिया। इस मामले में 18 आरोपियों को पकड़ लिया गया है।





**महिला का रेस्क्यू, आरोपी समेत 18 गिरफ्तार**

इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी नवीन समेत 18 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। राचकोंडा के एडिशनल कमिश्नर सुधीर बाबू ने कहा कि पुलिस ने महिला को घटना के छह घंटे के अंदर रेस्क्यू कर लिया था। उसने बताया है कि बदमाशों ने अपहरण के बाद उसे पीटा और धमकाया। पुलिस इससे जुड़े दूसरे आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

### बेडरूम से घसीटकर निकाला, फिर अगवा किया

पुलिस ने बताया कि लड़की का नाम वैशाली है और पेशे से वह डेंटिस्ट है। आरोपी नवीन से उसकी मुलाकात दो साल पहले बैडमिंटन खेलते समय हुई थी। वैशाली के पिता का कहना है कि नवीन शादी करने के लिए वैशाली पर शादी करने का दबाव बना रहा था। वह इंस्टाग्राम और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी वैशाली को परेशान करता था। पुलिस से भी इस बात की शिकायत की गई थी।

वैशाली के पिता ने बताया कि नवीन की उनके आसपास के इलाके में चाय की कुछ दुकानें हैं। उसने दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ घर आकर तोड़फोड़ की। उनका आरोप है कि नवीन और उसके कर्मचारी वैशाली को बेडरूम से घसीट कर बाहर लाए और कार में बैठाकर ले गए।

# नाममात्र की राशि पर 413 शहरों की अवैध कॉलोनियों को वैध करने का फैसला कर रहे हैं : शिवराज

वत्सल आचार्य

**शिवराज सिंह चौहान ने पी.जी कॉलेज ग्राउण्ड, मंदसौर में शहरी के हितग्राहियों को 400 करोड़ की किश्त का वितरण एवं मंदसौरगौरव दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि दो सौ से ज्यादा शहर गौरव दिवस मना चुके हैं। भगवान श्री पशुपतिनाथ का शहर मंदसौर अद्भुत है। हूणों पर सम्राट यशोधर्मन ने विजय प्राप्त की थी, इसलिए 8 दिसम्बर को हमने गौरव दिवस के रूप में चुना।**



शिवना नदी का जीर्णोद्धार होने वाला है। यहां भी एक भव्य कॉरिडोर की शुरूआत हो जाए, उसकी रूप रेखा तैयार कीजिए। मंदसौर की गरिमा के अनुरूप एक परिसर का निर्माण हो।मध्यप्रदेश के सभी 413 शहर के लिए मैं कह रहा हूं, आज हम सरलीकरण करते हुए नाममात्र की राशि पर सभी 413 शहरों की अवैध कॉलोनियों को वैध करने का फैसला कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनता को लाभ पहुंचाने की जितनी भी हितग्राही मूलक योजनाएं हैं उनके लिए सीएम जनसेवा शिविर लगाया जाएगा। सरकार भोपाल से नहीं चौपाल से चलेगी। इसी भाव से हमने ये शिविर लगाए थे। 12 हजार करोड़ रुपए पीने के पानी और सीवेज सिस्टम के लिए पूरे मध्यप्रदेश में हम खर्च करने वाले हैं। मध्यप्रदेश के बच्चे बहुत प्रतिभाशाली हैं। हमने बच्चों की शिक्षा में परिवर्तन के लिए सीएम राइज स्कूल खोलने का निर्णय किया है। प्राइवेट स्कूल से बेहतर सुविधाएं देकर ये स्कूल हम खड़ा कर रहे हैं। नगरों के विकास की संपूर्ण रूपरेखा बनाना है। इसलिए इसी माह नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों को बुलाएंगे, उनके साथ बैठकर शहरों के विकास की रूपरेखा और रणनीति तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नगरों के विकास की संपूर्ण रूपरेखा बनाना है। इसलिए इसी माह नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों को बुलाएंगे, उनके साथ बैठकर शहरों के विकास की रूपरेखा और रणनीति तैयार करेंगे।

# कलेक्टर सूर्यवंशी की बड़ी कार्रवाई, 28 आरोपियों को किया जिला बदर

**राजेन्द्र कुमार सोनी**

**रतलाम।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री नरेंद्र सूर्यवंशी द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। लोक शांति तथा कानून व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्टर द्वारा 28 आरोपियों को जिला बदर कर दिया गया है।पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री सूर्यवंशी द्वारा जिन आरोपियों को जिला बदर किया गया है उनमें पुलिस थाना सैलाना के ग्राम कोटडा के कालू पिता जालू मईडा, पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम का मंगल पिता देवीलाल जाट, पुलिस थाना ताल का बंटी पिता नाथु, पुलिस थाना जावरा का वसीम उर्फ पीपीप पिता शेरु उर्फ एहमद हुसैन, पुलिस थाना नामली का मोहन पिता सीताराम परिहार, पुलिस थाना आलोट का ज्ञानसिंह पिता रामसिंह डोडिया, पुलिस थाना सैलाना का जावेद पिता बिन्दु खां पठान, पुलिस थाना माणकचौक रतलाम का विरेन्द्र पिता बाबूलाल राठौर, पुलिस थाना जावरा शहर का संजय पिता जगदीश सोनी, पुलिस थाना जावरा शहर का राहुल पिता हरिसिंह यादव, औद्योगिक क्षेत्र रतलाम का गनी उर्फ गजेन्द्र पिता नाहरसिंह, पुलिस थाना विक्रमगढ आलोट का इरशाद उर्फ इरसाद पिता रुस्तम खां, पुलिस थाना जावरा का गब्बर पिता मासुक उर्फ माशुक कुरैशी, पुलिस थाना माणकचौक का लक्की उर्फ प्रकाश सोनावा पिता बाबूलाल सोनावा, पुलिस थाना जावरा का अल्फेज उर्फ अल्फेश पिता नजीम उर्फ नदीम खां, पुलिस थाना विक्रमगढ आलोट का संजू उर्फ संजय पिता जगदीश सोनी, पुलिस थाना रिंगनोद के ढोढर का विरेन्द्र पिता नागुसिंह चौहान, पुलिस थाना आलोट का शकील पिता हबीब खान, पुलिस थाना रावटी का सायसिंह पिता रायसिंह गामड, पुलिस थाना माणकचौक का अकबर पिता मोहम्मद सुल्तान घोसी, पुलिस थाना जावरा का महेन्द्रसिंह पिता विक्रमसिंह राजपूत, पुलिस थाना सैलाना का अकबर पितानूर मोहम्मद पठान, पुलिस थाना माणकचौक का गोलू उर्फ विक्की पिता नन्दकिशोर सोलंकी, पुलिस थाना आलोट का वसीम पिता रफीक, पुलिस थाना जावरा का नाहर पिता एहमद उर्फ बब्बु कुरैशी, पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा का मनोज पिता मोतिया कंजर, पुलिस थाना सैलाना का गोविन्द पिता मांगीलाल कटारा तथा पुलिस थाना नामली का आशीष पिता कन्हैयालाल सोनावा शामिल हैं।

सभी आरोपियों को 6-6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। जिला बदर अवधि में आरोपीगण रतलाम जिले की राजस्व सीमाओं सहित समीपवर्ती उज्जैन, आगर, धार, झाबुआ, मंदसौर जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर रहेंगे।

## परिवर्तित मार्ग से चलेगी इंदौर-पटना एक्सप्रेस,

**राजेन्द्र कुमार सोनी**

*__रतलाम।__ लखनऊ रेलमंडल में सीसी एप्रन निर्माण कार्य के चलते रतलाम रेल मंडल से होकर गुजरने वाली एक जोड़ी यात्री गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जाएगा। प्रस्तावित ब्लॉक के कारण इंदौर पटना एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जाएगा। इस दौरान इंदौर से पटना और पटना से इंदौर की तरफ यात्रा करने वाले यात्रियों को परिवर्तित रूट के अनुसार यात्रा करना पड़ेगी।*

*यह रहेगा इंदौर-पटना एक्सप्रेस का संशोधित रूट*

*गाड़ी संख्या 19321 इंदौर पटना एक्सप्रेस, इंदौर से 10,17, 24 एवं 31 दिसम्बर, 2022 तथा 07 एवं 14 जनवरी, 2023 को चलने वाली वाया मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर-बाराबंकी तथा गाड़ी संख्या 19322 पटना इंदौर एक्सप्रेस, पटना से 12, 19 एवं 26 दिसम्बर, 2022 तथा 02, 09 एवं 16 जनवरी, 2023 को चलने वाली वाया मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर-बाराबंकी चलेगी।*

## अ.भा. श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद ने शाश्वत जैन तीर्थ को बचाने के लिए सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

**नावेद रजा**

झकनावदा। झकनावदा में अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद एवं समग्र जैन समाज के द्वारा एकजुट होकर चौकी प्रभारी गोवर्धन सिंह मावी को देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी भारत सरकार दिल्ली के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें ज्ञापन का वाचन श्री केशरियानाथ जैन मंदिर व्यवस्थापक निर्मल कुमार मांडोत ने किया। ज्ञापन के माध्यम से वाचन करते हुए बताया कि जैन समाज के बीस तीर्थंकर परमात्मा ओं की पवित्र निर्वाण भूमि विश्व विख्यात श्री सम्मेद शिखर तीर्थ क्षेत्र है। यह तीर्थक्षेत्र भारत भूमि के पवित्र धार्मिक स्थलों में से एक है। विशेषतः जैन धर्मावलंबियों के लिए तो आस्था एवं श्रद्धा का महत्वपूर्ण केंद्र है।

### सम्मेद शिखरजी तीर्थ की शान में जैन समाज मैदान में

इस तीर्थ को हाल ही में आपके द्वारा पर्यटन क्षेत्र घोषित किया गया है। तीर्थ क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने का हम जैन समाज पूर्णता विरोध करते हैं। एवं जैन समाज को इस निर्णय से आहत हुई है। वही समग्र जैन समाज ने एकत्रित होकर ह्रसम्मेद शिखर की शान में जैन समाज मैदान में ह्र गगनभेदी नारे लगाए।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर निर्मल कुमार मांडोत, पूनमचंद कोठारी, श्रेणिक राठौड़ (लालू सेठ), अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी मनीष कुमट, विक्की सेठिया,ऋषभ कोटडीया,शुभम कोटडिय, मनीष सेठिया, हिमांशु कांसवा एवं चौकी स्टाफ से एएसआई बाथू सिंह बिल्लोरे एवं आरक्षक पंकज राजावत उपस्थित थे।

## जागरूकता शिविर का आयोजन

**धार (हिमांशु त्रिवेदी)** कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुक्षी श्री नवजीवन पंवार , जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास श्री सुभाष जैन के मार्गदर्शन में एकीकृत बाल विकास परियोजना बाग द्वारा माध्यमिक कन्या बालिका विद्यालय बाग में शनिवार को बालिकाओं और महिलाओं के प्रति हिंसा, सभी प्रकार के भेदभाव, यौन हिंसा, घरेलू हिंसा आदि को समाप्त करने हेतु जागरुकता अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में महिलाओं के प्रति विभिन्न प्रकार की हिंसा, किशोरी बालिकाओं के यौन उत्पीडन, बालक-बालिकाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने एक अन्य प्रकार की हिंसक घटनाओं की रोकथाक के संबंध में जागरुक किया गया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक मनोज कुमार अरोरा द्वारा कुमार इंजीनियर्स ऑफसेट प्रिंटर्स 19-1 मनोरमागंज, पलासिया सर्कल, इन्दौर (म.प्र) से मुद्रित एवं वरुण मल्टिकेयर सेंटर, अहमदाबाद रोड, झाबुआ म.प्र. से प्रकाशित। इन्दौर कार्यालय : 115-बी सूर्यदेव नगर इन्दौर। प्रधान सम्पादक : मनोज कुमार अरोरा। R.N.I. No.MPHIN 2011/39618